पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल से नैक मूल्यांकन में 'ए प्लस प्लस' ग्रेड प्राप्त आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, अयोध्या के कुलपति के नेतृत्व में नैक तैयारियों के लिए गठित टीम के सदस्यों ने मुलाकात की

विश्वविद्यालय की टीम ने नैक उपलब्धि हेतु तैयारी के सन्दर्भ में आये चुनौतियों तथा कार्य अनुभव को कुलाधिपति महोदया से साझा किया

देश को आगे बढ़ाने में कृषि विश्वविद्यालय की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है

आपसी समन्वय से कार्य करने पर अच्छे परिणाम और खुशी मिलती है

सफलता हेतु प्रतिबद्धता तथा एक दूसरे का सहयोग जरूरी
–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 25 जून, 2024

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन में नैक मूल्यांकन में 'ए प्लस प्लस ग्रेड' प्राप्त आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या के कुलपति डॉ0 बिजेन्द्र सिंह व विश्वविद्यालय की नैक टीम के सदस्यों ने मुलाकात की तथा विश्वविद्यालय नैक टीम के सभी सदस्यों को राजभवन में रात्रिभोज भी दिया गया।

इस अवसर पर कुलाधिपति महोदया ने उपस्थित टीम को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह सीखने का अवसर है जब सीखेंगे तभी आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि देश को आगे बढ़ाने में कृषि विश्वविद्यालय की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है, क्योंकि देश की आधी आबादी किसान है। राज्यपाल जी ने कहा कि वर्तमान समय में धरती का स्वास्थ्य कुप्रभावित हो रहा है, जिसे सुधारने हेतु कृषि विश्वविद्यालय द्वारा प्रयास किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अगले 05 वर्षों की कार्ययोजना की रणनीति बनाकर कार्य करें। कुलाधिपति महोदया ने कहा कि आपसी समन्वय से कार्य करने पर अच्छे परिणाम और खुशी मिलती है। उन्होंने कहा कि सफलता हेतु प्रतिबद्धता तथा एक दूसरे का सहयोग जरूरी है। उन्होंने छात्र केन्द्रित तथा गुणवत्ता युक्त कार्य करने हेतु निर्देश दिये तथा आत्मनिर्भर भारत की स्थापना हेतु प्रत्येक व्यक्ति के आत्मनिर्भर होने की अपेक्षा व्यक्त की।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति एवं नैक तैयारी के लिए गठित कमेटी के सदस्यों ने नैक उपलब्धि हेतु तैयारी के सन्दर्भ में आये चुनौतियों तथा कार्य अनुभव को कुलाधिपति महोदया से साझा किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के नैक में उच्च रैंकिंग प्राप्त करने का श्रेय कुलाधिपति महोदया की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन को दिया। इस क्रम में विश्वविद्यालय की टीम द्वारा नैक हेतु तैयारी के दौरान परिवार पर प्रभाव तथा व्यक्तिगत अनुभव भी साझा किये गये। टीम द्वारा नैक की उपलब्धि को प्राप्त करने में परिवार का सहयोग, कुलपति का सक्रिय नेतृत्व, नियमित सघन मॉनिटरिंग, राजभवन में आयोजित बैठकें, कार्यशालाएं, छात्रों का सहयोग, शिक्षक एवं अध्यापक के बीच मधुर समन्वय आदि को उत्तरदायी बताया।

ज्ञातव्य है कि 31 मई, 2024 को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) द्वारा मूल्यांकन पश्चात घोषित परिणाम में आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी

विश्वविद्यालय, अयोध्या को उत्कृष्ट 3.58 सी0जी0पी0ए0 के साथ ‘ए प्लस प्लस’ ग्रेड प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही यह विश्वविद्यालय नैक का सर्वोच्च ग्रेड ‘ए प्लस प्लस’ प्राप्त कर देश का पहला कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बन गया है।

टीम के सदस्यों ने राज्यपाल जी से अपने अनुभवों की चर्चा के दौरान उनसे निरंतर प्राप्त होने वाले मार्गदर्शन और समीक्षाओं से प्राप्त हुई उत्कृष्टता के लिए धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर बैठक में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ0 पंकज एल0 जानी, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ0 बिजेन्द्र सिंह, नैक टीम के सदस्य एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कृष्ण कुमार/ सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 9454468250